# रबी खरीद से चमकी जूट उद्योग की उम्मीदें

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** खाद्यान्न की रिकॉर्ड पैदावार से किसानों की किस्मत तो चमकी ही है। साथ ही मरणासन्न हो चुके जूट उद्योग में भी नई जान आ गई है। खरीफ के बाद रबी खरीद सीजन में बोरियों की जबरदस्त मांग चल रही है। स्थिति यह है कि जूट उद्योग बोरियों की सरकारी मांग की पूर्ति नहीं कर पा रहा है। अकेले पश्चिम बंगाल की मिलों के पास अभी अगले महीने तक बोरियों के आपूर्ति ऑर्डर पड़े हुए हैं। मिलों की मानें, तो सिर्फ रबी सीजन में बोरियों की खपत में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। उद्योग के मुताबिक मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में गेहूं की खरीद अच्छी चलने से भारतीय खाद्य निगम की बोरियों की मांग लगातार बढ़ रही है।